हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 13 सितंबर 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री



पुलिस लाइन में बने मकान के सामने का स्लैब खुला हुआ है।

खबर संक्षेप

बीमार छात्रा से कुर्सी साफ कराने का मामला एचएम को नोटिस

बिलासपुर। मस्तूरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बेलटुकरी में बीमार छात्रा से कुर्सी साफ करवाने का मामला सामने आया है। बताया गया कि छात्रा पहले से बुखार से पीड़ित थी और स्कूल में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे उल्टी हो गई। आरोप है कि छात्रा को चिकित्सकीय सहायता दिलाने के बजाय उससे ही गंदी हुई कुर्सी साफ करवाई गई। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मामले को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला की प्रधान पाठक श्रीमती भारती खांडे को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्ट एवं तथ्यात्मक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिला उपभोक्ता फोरम में 19 प्रकरण निराकृत



बिलासपुर। 12 सितंबर को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किया गया। इसमें कुल 21 प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे। अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल,, सदस्य आलोक पाण्डेय ने आपसी रजामंदी से 19 प्रकरण निराकृत करते हुए 64 लाख 76 हजार 711 रुपए अवार्ड पारित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में आयोग के कर्मचारी सूर्य प्रताप सिंह रीडर, शरद यादव स्टेनो, प्रमोद दीप डाटा एंट्री आपरेटर, धरम सिंह का सराहनी योगदान रहा है।

त्यौहार के चलते ट्रेनों में बढ़ी भीड़



बिलासपुर। तीज पर्व के दौरान बाजारों के साथ अब ट्रेनो में भी महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है। सोमवार को गणेश चतुर्थी और तीज पर्व मनाने के लिए जाने वाली महिलाएं आसपास आने-जाने के लिए ट्रेन से जा रही हैं। बिलासपुर से रायपुर, बिलासपुर से दुर्ग, पेण्ड्रारोड, शहडोल, रायगढ़, भाटापारा सहित आसपास के स्टेशनों की ओर चलने वाली लोकल व मेमू पैसेंजर में महिला यात्रियों की ट्रेन काफी बढ़ गई है।

एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

बिलासपुर। रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, कुशल एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में भिलाई स्थित पीपी यार्ड में एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना एवं कमीशनिंग की गई है। किसी भी रेक के यार्ड में प्रवेश करने और सिस्टम से गुजरने के पश्चात यह प्रणाली स्वचालित रूप से प्रत्येक वैगन नंबर के साथ चिन्हित दोषों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देती है। इस प्रणाली में उच्च गुणवत्ता वाले हाई-डेफिनिशन मशीन विज़न कैमरों 6 इकाइयाँ, विशेष प्रकाश स्रोत तथा एक समर्पित सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों द्वारा प्राप्त चित्रों एवं संकेतों को सर्वर पर प्रोसेस कर विश्लेषण किया जाता है, जिसके आधार पर प्रत्येक वैगन की स्थिति का विस्तृत एवं सटीक रिपोर्ट तैयार किया जाता है।

- जिले के चारों ब्लाक बिल्हा, कोटा तखतपुर और मस्तूरी भी शामिल
- गणित को बच्चों के लिए बोझिल के बजाय रोचक और व्यावहारिक बनाएंगे

झूले और खेल बताएंगे कोण और आकृतियों का गणित प्रदेश के सभी 146 ब्लाकों में विकसित होंगे मैथ्स पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के सभी 146 ब्लाकों में मैथ्स पार्क विकसित किए जाएंगे। इसमें बिलासपुर जिले के चारों ब्लाक बिल्हा, कोटा, तखतपुर और मस्तूरी भी शामिल हैं। इसके लिए जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा की ओर से इन ब्लाकों के चार विद्यालयों का चयन कर प्रस्ताव राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर को भेजा गया है। मैथ्स पार्क में विद्यार्थियों को किताबों और ब्लैकबोर्ड तक सीमित रखने के बजाय गणित के सिद्धांतों को देखकर, छूकर और गतिविधियों के माध्यम से समझाने पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य गणित को बच्चों के लिए बोझिल विषय के बजाय रोचक और व्यावहारिक विषय बनाना है। इसके लिए शासन की ओर से अलग से फंड दिया जाएगा। बिलासपुर में कोटा ब्लाक के शाउमा विद्यालय शिवतराई, तखतपुर ब्लाक के शा. कन्या उमा विद्यालय, मस्तूरी ब्लाक के शा उमा विद्यालय सीपत और बिल्हा ब्लाक में शाउमा विद्यालय शिवतराई और बिल्हा ब्लाक का शाउमा विद्यालय बिजौर शामिल है।

अलग खबर

गौरतलब है कि समग्र शिक्षा के तहत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2026-27 में प्रत्येक जिले में एक गणित पार्क के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में मैथ्स पार्क के लिए चार विद्यालयों का चयन किया गया है। चयन के दौरान विद्यालयों में उपलब्ध स्थान के साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को भी प्रमुख आधार बनाया गया है। जिले से जिन चार विद्यालयों का चयन किया गया है, वे सभी कक्षा 6वीं से 12वीं तक संचालित हैं। इन स्कूलों में मैथ्स पार्क के निर्माण के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में इन विद्यालयों का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है।



क्षेत्रफल, आकृतियां, दूरी और मापन की आकृति

शिक्षा विभाग के मुताबिक मैथ्स पार्क में गणित को गतिविधियों से जोड़ने की योजना है। यहां लगाए जाने वाले विभिन्न उपकरणों, झूलों और खेलों के जरिए बच्चों को कोण, क्षेत्रफल, आकृतियां, दूरी और मापन जैसी अवधारणाएं समझाई जा सकती हैं। उदाहरण के तौर पर किसी आकृति को केवल कॉपी पर बनाकर समझाने के बजाय विद्यार्थी उसे वास्तविक मॉडल के माध्यम से देख सकेंगे। इसी तरह कोणों को विभिन्न गतिविधियों के जरिए समझाया जाएगा। क्षेत्रफल और मापन जैसी अवधारणाओं को भी आसपास मौजूद वस्तुओं और मॉडल से जोड़कर समझाने की कोशिश होगी। इस तरह विद्यार्थी गणितीय सिद्धांतों को केवल याद नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक रूप से समझने और इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा।

गणित के डर को खत्म करना होगा मुख्य उद्देश्य

मैथ्स पार्क की अवधारणा का सबसे बड़ा उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से गणित का डर खत्म करना है। अक्सर बच्चे गणित को कठिन विषय मानकर उससे दूरी बनाने लगते हैं। कई बार किसी फार्मूले या नियम को समझने के बजाय उसे याद कर परीक्षा में लिखने की प्रवृत्ति विकसित हो जाती है। मैथ्स पार्क में इसी तरीके को बदलने की कोशिश की जाएगी। यहां बच्चों को गणित के नियमों और अवधारणाओं को वास्तविक गतिविधियों के माध्यम से समझाया जाएगा। इससे विद्यार्थी यह समझ सकेंगे कि गणित केवल किताबों में दिए गए सवालों और सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी इसका लगातार इस्तेमाल होता है।

रटने के बजाय समझने पर रहेगा जोर

गणित पार्क का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें रटने के बजाय समझकर सीखने पर जोर दिया जाएगा। अभी भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए सूत्रों और सवालों को याद करने पर निर्भर रहते हैं। लेकिन जब सवाल का तरीका बदल जाता है तो उन्हें समाधान करने में परेशानी होती है। गतिविधि आधारित शिक्षा के जरिए बच्चों को यह समझाने की कोशिश की जाएगी कि किसी सूत्र के पीछे का सिद्धांत क्या है और उसका इस्तेमाल किस परिस्थिति में किया जाता है। इससे विद्यार्थियों में विषय को लेकर आत्मविश्वास बढ़ सकता है।

भेजा गया है प्रस्ताव

प्रदेश के सभी 146 ब्लाकों में मैथ्स पार्क विकसित किए जाएंगे। इसमें बिलासपुर जिले के चारों ब्लाक बिल्हा, कोटा, तखतपुर और मस्तूरी भी शामिल हैं। इसके लिए जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा की ओर से इन ब्लाकों के चार विद्यालयों का चयन कर प्रस्ताव राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर को भेजा गया है।

- वासुदेव पांडे, शहरी स्रोत समन्वयक



अशोकनगर डीएलएस कालेज रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों में भरा पानी।

सुबह से चली तेज हवा शाम को झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है, बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश हो सकती है, वहीं शनिवार की सुबह से ही तेज हवाएं चलती रहीं, इस दौरान सूरज की लुकाछिपी जारी रही और आसमान पर बादल आते-जाते रहे, लेकिन शाम होते ही काली घटाएं छाने लगीं और तेज बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई बारिश के कारण कुछ लोगों को भींगने पर मजबूर होना पड़ा, लेकिन उमस से मामूली राहत जरूरी मिल सकी है।

- दिन भर बादलों की आवाजाही

प्रदेश में एक बार फिर मानसूनी सक्रियता बढ़ चुकी है, यही कारण है कि दो दिनों से जिले के आसपास अच्छी बारिश हो रही है। शनिवार को भी काली घटाओं के चलते घंटे भर के लिए बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान मध्यम से तेज बारिश हो सकती है, दरअसल प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी की उंचाई में फैला है, जिससे बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान बिजली गिरने और तेज हवा चलने का अंदेशा है। वहीं अधिकतम तापमान 30 डिग्री के आसपास रह सकता है। हवाओं के प्रवेश के कारण उमस में थोड़ी बहुत कमी महसूस हो सकती है।

खेत में काम कर रहे किसान पर टाइगर ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेत में काम कर रहे किसान पर अचानक टाइगर ने हमला कर दिया। किसान ने अपने पास रखे लोहे के घमेले और औजार से टाइगर का मुकाबला किया, जिसके बावजूद वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर किसान को उपचार के लिए हास्पिटल में भर्ती कराया है।



घायल

- घमेले और औजारण बची जान, वन विभाग ने की निगरानी शुरु

घटना शनिवार की सुबह 7 बजे वन विकास निगम और बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र की है। राज्य वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 169 आरएफ से लगे ग्राम दवनपुर में किसान संजू मरकाम पिता महादेव मरकाम 42 साल अपने खेत में खाद डाल रहा था। इस दौरान उस पर अचानक टाइगर ने हमला कर दिया। किसान के पास घमेला और औजार थे, जिसके सहारे उसने अपना बचाव किया, टाइगर के हमले से लगातार बचाव करते हुए किसान ने उस पर भी हमला किया। टाइगर ने किसान के चेहरे और हाथ पैर में अपने पंजे से वार किया। आधे घंटे के बाद टाइगर खेत से जंगल की ओर चला गया। इसकी सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र के एसडीओ अनिल भास्करन और अन्य स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल किसान को उपचार के लिए हास्पिटल में भर्ती कराकर मुआवजा 2000 रुपए दिया। घमेले और औजार के कारण किसान की जान बच गई। किसान को हास्पिटल में भर्ती कराने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व, वन विकास निगम और कोटा वन परिक्षेत्र की टीम ने टाइगर की खोजबीन शुरु कर दी। खोजबीन के दौरान टाइगर के पगमार्क भी मिले, जिसके बाद मौके और आसपास के क्षेत्रों में स्टाफ की निगरानी बढ़ाने के साथ ग्रामीण एरिया में मुनादी भी कराई जा रही है।



ग्रामीणों में दहशत

पिछले 15 दिन के अंतराल में एटीआर के टाइगर बफर जोन के साथ ग्रामीण एरिया में आते जा रहे हैं। इस दौरान टाइगर ने मवेशियों का शिकार करने के साथ कुछ दिन पहले एक युवक पर भी हमला किया था, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई थी। शनिवार को किसान पर हमला करने के बाद आसपास के ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम ने आसपास के ग्राम पिपरखूंटी, परसदा, दवनपुर, मानपुर, औरापानी, शिवतराई में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधान रहने और जंगल की ओर अकेले ना जाने की अपील की है।

की जा रही निगरानी

अचानकमार टाइगर रिजर्व की ओर से टाइगर कोटा की ओर आ गया था, जिसके हमले से किसान घायल हुआ। वर्तमान में किसान की हालत में सुधार है, जिसे एक दो दिन में हास्पिटल से छुट्टी मिल जाएगी। वहीं टाइगर की निगरानी करने के लिए एक विशेष टीम भी बनाई गई है, जो लगातार निगरानी रखने के साथ ही ग्रामीणों को भी सतर्क कर रही है।

- अनिल भास्करन
उप वनमंडलाधिकारी
कोटा वन परिक्षेत्र




शनिवार की शाम को हुई झमाझम बारिश में भीगते लोग।

पंडालों को लेना होगा अस्थाई कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश पंडाल में जांच कर अस्थाई बिजली कनेक्शन देने के निर्देश बिजली विभाग के एई और जेई को दिए गए हैं। वहीं दुर्घटना से बचाव के लिए कटे फटे तार का उपयोग नहीं करने की सलाह जारी की गई है। वहीं पंडाल में हुकिंग पाए जाने पर कार्रवाई करने का निर्देश जारी किए गए हैं। शहर में 165 और ग्रामीण क्षेत्र में 79 ने आवेदन विभाग को मिले हैं।

शहर में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडालों की सजावट शुरु हो गई है। पंडालों को रोशन करने के लिए रंग बिरंगी लाइट लगाई जा रही है, बिजली विभाग पूर्व और पश्चिमी डिवीजन के कार्यपालन यंत्री ने जोन के एई और जेई को निर्देशित कर पंडालों की जांच करने कहा है और समिति के सदस्यों को पंडाल में बिजली आपूर्ति के लिए टीसी कनेक्शन देने का सुझाव दिया गया है। इस बार पंडाल में लगे केबलों की भी जांच की जाएगी। कटे फटे तार से दुर्घटना होने की संभावना रहती है।



- बिजली अधिकारी कर सकेंगे कार्रवाई

विद्युत लाइनों के नीचे न लगाएं पंडाल

पंडाल का निर्माण विद्युत लाइनों, पोल एवं अन्य विद्युत उपकरणों से पर्याप्त सुरक्षित दूरी रखते हुए किया जाए। विद्युत तारों के नीचे अथवा उनके बहुत नजदीक पंडाल, झंडे, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग या विज्ञापन सामग्री न लगाएं। विशेष रूप से बड़े आकार के पंडाल, लोहे के पाइप, धातु के ढांचे एवं सजावटी सामग्री को विद्युत लाइनों से दूर रखा जाए। अस्थायी कनेक्शन के लिए अधिकृत एवं प्रशिक्षित विद्युत कर्मी से ही वायरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

31 अगस्त के बाद समाप्त हो गई थी एडमिशन प्रक्रिया

यूनिवर्सिटी, कालेज में 19 तक बढ़ाई गई एडमिशन की तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों यूनिवर्सिटी, कालेजों में एडमिशन की तिथि 19 सितंबर तक बढ़ा दी है। उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त सीटों पर बढ़ी हुई तिथि तक एडमिशन दिया जाएगा।

- छात्र संगठन कर रहे थे प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग

यूनिवर्सिटी, कालेजों में एडमिशन की तिथि 31 अगस्त को समाप्त हो गई थी, उसके बाद से शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया बंद हो गई थी, जबकि अधिकांश कालेजों में विभिन्न संकायों में सीटें रिक्त थी। दूसरी तरफ छात्र संगठनों की ओर से प्रवेश तिथि बढ़ाने मांग उठ रही थी। इसलिए उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रहित को ध्यान में रखकर 19 सितंबर तक प्रवेश तिथि बढ़ा दी है। इससे पूर्व कालेजों में एडमिशन के लिए पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी की गई थी,



जिस पर 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई, जिसमें 15 जुलाई तक एडमिशन चला। इसके बाद कालेजों द्वारा तीसरी मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को निकाली गई थी। इसके बाद 25 जुलाई को चौथी मेरिट लिस्ट निकाली गई, जिसके अनुसार 31 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। इसके पश्चात कुलपति के अनुमति से 14 अगस्त तक एडमिशन हुआ। 14 अगस्त को प्रवेश तिथि समाप्त हो गई थी, किन्तु शासन ने कालेजों में प्रवेश की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी थी, जिसे अब बढ़ाकर 19 सितंबर तक बढ़ाया गया है।

फर्स्ट ईयर में 19 हजार 707 एडमिशन

अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में इस नए शैक्षणिक सत्र में फर्स्ट ईयर में 19 हजार 707 फ्रेशर छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। फर्स्ट ईयर में कुल 36 हजार 705 सीटें थीं, जिनमें से 16 हजार 998 सीटें खाली रह गई हैं और अब कालेजों में एडमिशन की तिथि भी समाप्त हो गई है। इस तरह से फर्स्ट ईयर में इस सत्र एडमिशन का प्रतिशत 53. 69 प्रतिशत रहा। इस सत्र अटल यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त गवर्नमेंट एवं प्राईवेट कालेजों में फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में 36 हजार 705 कुल सीटें थीं। इनमें से 19 हजार 707 सीटें भर गई हैं।

पीजी में 6 हजार 479 सीटों पर एडमिशन

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में इस सत्र स्नातकोत्तर पीजी पाठ्यक्रमों में 50 फीसदी सीटें खाली रह गई हैं। पीजी पाठ्यक्रमों में कुल 12 हजार 730 सीटें थीं, जिसमें से 6 हजार 479 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है। कालेजों में एडमिशन की तिथि 15 दिनों बढ़ाए जाने के बाद भी काफी सीटें खाली रह गई हैं। अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में एमए, एमकॉम, एमएससी जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में इस साल लगभग 50 फीसदी सीटें खाली रह गई हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 12 हजार 730 सीटें थी, जिनमें से निर्धारित तिथियों तक 6 हजार 479 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है, जबकि 6 हजार 151 सीटें रिक्त रह गई हैं।

संकलनकर्ता: टेकचंद कारड़ा हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम जय श्री राम

रवि मेहर मंडल अध्यक्ष
रामकुमार निर्मलकर मंडल अध्यक्ष
नैनलाल साहू मंडल अध्यक्ष
दिनेश साहू मंडल अध्यक्ष
विनोद यादव मंडल अध्यक्ष

“सियासत तो बहुत लोग करते हैं,
मगर दिलों पर राज वही करते हैं, जो जनता के लिए जीते हैं”

आप दीर्घायु हों

जन नायक एवं तखतपुर के लाड़ले विधायक

मा. धर्मजीत सिंह जी

को जन्मदिन की

हार्दिक शुभकामनाएं...

मा. धर्मजीत सिंह जी
विधायक- तखतपुर

डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार
अध्यक्ष-जनपद पंचायत तखतपुर

कैलाश वस्त्रकार जिला मीडिया प्रभारी
मनहरण कौशिक सभापति
अरुण सिंह चौहान सभापति
सीमा श्रीवास सभापति
रानी सोनी सभापति
बबीता जांगड़े सभापति
रंजना कौशिक सभापति
गीता यादव सभापति
श्याम सिंह ध्रुव सभापति

परमेश्वर पटेल सभापति
ऋषभ कश्यप सदस्य
रामकुमार सिंगरौल सदस्य
भरत मरकाम सदस्य
दिलीप ध्रुव सदस्य
लखन सूर्यवंशी सदस्य
जया साहू सदस्य
लक्ष्मी सिंह सदस्य
लक्ष्मी साहू सदस्य

सावित्री श्रीवास सदस्य
संजीता टांडे सदस्य
मेलन बाई गोड़ सदस्य
सावित्री मरकाम सदस्य
कविता यादव सदस्य
शालिनी गढ़ेवाल सदस्य
तुलसी कौशिक मंडल महामंत्री
प्रमोद ठाकुर मंडल महामंत्री
जागेश्वर यादव मंडल उपाध्यक्ष

कृष्ण कुमार साहू
बी.आर. महोबिया
अशोक सिंह ठाकुर
रामचंद्र यादव
रामचरण वस्त्रकार
अमित मंदानी
सूरज मिश्रा
निलेश सिंह
मनोज साहू
बिहारी टोडर

संकलनकर्ता
राजू सिंह ठाकुर
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

जनपद पंचायत तखतपुर

हरिभूमि
बिलासपुर, रविवार 13 सितंबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



पौधे रोपना ही नहीं, उन्हें वृक्ष बनाना भी हमारी जिम्मेदारी

हरिभूमि हरियाली अभियान के तहत कृष्णापुरम में पौधरोपण

हरिभूमि हरियाली अभियान के अंतर्गत शनिवार को बिल्हा मोड़ स्थित कृष्णापुरम में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर कहा गया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए केवल पौधरोपण तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखरेख, सिंचाई और सुरक्षा सुनिश्चित कर उसे वृक्ष का रूप देना भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल करने और उन्हें संरक्षित कर बड़ा वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और बेहतर पर्यावरण का आधार बनेगा। हर व्यक्ति यदि एक पौधा लगाने के साथ उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। यह अभियान पौधे की निरंतर देखरेख कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लेना ही वास्तविक पर्यावरण संरक्षण है। डीसीटी परिवार से लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर डीसीटी ग्रुप के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत, एजीएम अरूण ज्योतिषी, अंजना शर्मा, प्रशांत सिंह सहित डीसीटी परिवार के सदस्य मौजूद थे।









हरियाली ही कॉलोनी की पहचान

डीसीटी ग्रुप के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि हर वर्ष हरिभूमि के साथ पौधरोपण का आयोजन होता है, जिसमें अलग-अलग कॉलोनी में जाकर पौधरोपण किया जाता है। अब तक कृष्णापुरम,चितवंमफॉम,द्वारिकापुरम व गोल्ड फॉम में 20 हजार से अधिक लगाएं गए पौधे पेड़ बनकर तैयार हो गए है। डीसीटी ग्रुप के सभी कॉलोनी में हरियाली मुख्य पहचान है,इसे लोग भी बेहद पसंद करते है। हरिभूमि के हरियाली अभियान को समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास चलता रहेगा और आमजनों को भी इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी ने पौधों के साथ तस्वीरें लेने तक अभियान को सीमित न रखने, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखते हुए वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। हरिभूमि हरियाली अभियान के तहत इस कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया।

कार्यक्रम

सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



बिलासपुर। जेसीआई बिलासपुर स्टार कैपिटल द्वारा जेसीआई वीक 2026 का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सस्टेनेबल सिपिंग' अभियान के साथ किया गया। जेसीआई वीक का आयोजन 9 से 15 सितंबर तक विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से किया जा रहा है। जेसीआई वीक के प्रथम दिवस सीएमडी कॉलेज के सामने स्थित न्यू जनरेशन शोरूम में सस्टेनेबल सिपिंग अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था की टीम ने न्यू जनरेशन शोरूम के कर्मचारियों एवं प्रबंध निदेशक को स्टील की बोतलें वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान जेसीआई बिलासपुर स्टार कैपिटल की टीम ने प्लास्टिक से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी और दैनिक जीवन में छोटे-छोटे स्थायी बदलाव अपनाने का संदेश दिया। अभियान की न्यू जनरेशन शोरूम के प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने सराहना की। अभियान से प्रेरित होकर प्रबंधन एवं पूरी टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक की पानी की बोतलों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली। यह संकल्प पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। जेसीआई बिलासपुर स्टार कैपिटल के अध्यक्ष जेसी प्रतीक गांधी ने कहा कि "सस्टेनेबल सिपिंग केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की आदतों में छोटे लेकिन प्रभावी बदलाव लाने का प्रयास है। यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने का संकल्प ले, तो हम मिलकर पर्यावरण के लिए बड़ा बदलाव ला सकते हैं।"

आयोजन

वसुंधरा संस्था ने स्कूल में की सेवा गतिविधि



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट हंगर के अंतर्गत ग्राम भिलौनी में सेवा गतिविधि की। शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन को प्राथमिकता देते हुए बच्चों के लिए खीर, पूरी, सब्जी एवं फलों का वितरण करवाया। कार्यक्रम का आयोजन सचिव मंजू मिश्रा ने किया। जिसमें अध्यक्ष पीएमजेएफ संजना मिश्रा, रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी, जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप, उषा मुदलियार, शोभा चाहिल, उपाध्यक्ष मंगला कदम, सावित्री जायसवाल, विनीता मिश्रा, रेणुका मसीह ने सहयोग किया। प्रधान पाठक संजय राजपूत ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में अपना योगदान दिया और क्लब का आभार व्यक्त किया। आगे भी सेवा गतिविधियों के जरिए स्कूल में आने को कहा।

महावीर जन्म वाचन महोत्सव में महाआरती

श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ समाज द्वारा पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व के पांचवें दिन समाज के लोग सुबह भगवान महावीर जन्म वाचन को बड़े ही धूमधाम से मनाया। विशेष शांति कलश की पूजा, सामायिक, कल्प सूत्र, भक्ति हुई। शाम को प्रतिक्रमण एवं रात्रि में 108 दीये से महाआरती एवं भक्ति की गई।

शांति कलश पूजा, सामायिक, कल्प सूत्र,

बिलासपुर। नेहरू नगर में भगवान महावीर का जन्म वाचन दिवस मनाया गया। सुबह, रात्रि में विशेष पूजा के साथ 14 स्वप्नों की बोली लगाई गई। पूजन वेशभूषा धारण कर स्तवन कुलनायक पूजा, शांति कलश पूजा, मंगल दीपक सहित कई धार्मिक आयोजन हुए। ज्योति चोपड़ा एवं शोभा मेहता ने कल्प सूत्र का वाचन किया। रात्रि में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष श्रीश्रीमाल व मंगलाचरण महिला मंडल ने किया। वहीं चोपड़ा भवन तारबाहर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म वाचन दिवस पर 14 स्वप्नों की बोली लगाई गई। तीनों बहनों ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान महावीर ने साढ़े 12 वर्षों तक बिना कुछ खाए उपवास, तप किया। भगवान महावीर ने 172 दिवस तक चोविहार तप भी किया। इस तप में न ही कोई अन्न खाया और न ही पानी की एक बूंद पिया जाता है। जैन धर्म में यह तप बहुत ही कठिन माना जाता है।



छोटे-छोटे संकल्पों को अपनाने दिया संदेश

जैन श्वेतांबर तेरापंथ वैशाली नगर में अणुव्रत दिवस पर उपासिका भाग्यश्री सूर्या एवं लक्ष्मी मेहता ने समता, अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से संयम, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह एवं नैतिक जीवन के छोटे-छोटे संकल्पों को अपनाने का संदेश दिया। अणुव्रत का संदेश छोटे-छोटे संकल्पों के माध्यम से जीवन में बड़े परिवर्तन लाना है।

संयुक्त महिला संगठन की बैठक में किया जागरुक



बिलासपुर। संयुक्त महिला संगठन के द्वारा बैठक आयोजित की गई। इसमें सदस्यों के चार महिनों के जन्मदिवस सामूहिक रूप से मनाये गये। अध्यक्ष विद्या केडिया ने सभी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की।

बैठक के प्रारंभ में शिल्पी केडिया ने स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंर्तगत सभी को खाद्य तेल की जानकारी देते हुए बताया कि बाजार में मिलने वाले सभी खाद्य तेल मिलावटी है सब पेट्रोलियम प्रोडक्ट से बनते है। अतः सभी को अपने भोजन के प्रति अत्यंत जागरूक होना होगा ताकि हम अपनी बीमारियों से बच सके। इस पर बाकी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। इसके बाद सभी ने हाउजी का आनंद लिया। केक काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित करके गीत संगीत के साथ सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया एवं उन्हें उपहार दिये गए।

इस अवसर पर मधु अग्रवाल, पूनम श्रीवास्तव, निवेदिता पान्डे, अंशु अग्रवाल, मीरा तोदी ललिता अग्रवाल, संगीता केडिया, प्रमिला तुलस्यान, अर्चना चौधरी, रेखा अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, रीना बामलिया, ममता गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, माधुरी तिवारी, पुष्पा तायल, चंदा मित्तल, सुधा गाडोदिया, आशा बजाज, मंजू आर्य, जगदीश सलूजा, सरोज श्रीवास्तव, पूनम सिंह, कविता जाजोदिया, उषा शाह, चंदकला अग्रवाल, राधा मित्तल, पिंकी अग्रवाल, रश्मि श्रीवास्तव, मिना वाजोरिया, निशा गुप्ता, ममता अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

छात्र दे रहे गणेश प्रतिमा को आकार





बिलासपुर। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए गणेश प्रतिमा बनाने एवं सजाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने मिट्टी और अन्य पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं बनाकर विद्यालय में प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, कला और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिक्षकों ने बच्चों के कार्य की सराहना की और उन्हें पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य निलेश गुप्ता ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और वे अपनी संस्कृति के बारे में भी सीखते हैं। कार्यक्रम के अंत में सुंदर एवं आकर्षक गणेश प्रतिमा बनाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

मिट्टी के गणेश से पर्यावरण का संदेश



कृष्णा नगर जूना बिलासपुर में लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए आज मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाने वाले कलाकारों को मोमेंटो एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। मिट्टी के शिल्पकार सोनू गढ़ेवाल. चिंटू गढ़ेवाल. गोबिंद सिंह, लोकेश साहू सहदेव डहरे. आकाश मानिकपुरी. राज निर्मलकर, गोविंदा भंडारी. संजू यादव. हरि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सचिव दीप्ति लता साहू, गुलदस्ता फाउंडेशन की सचिव संगीता लांजेवार, गीता प्रजापति, डॉ. सुरभी राजगीर एवं डॉ. ज्योति नामदेव उपस्थित रहीं,सभी ने मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाने वाले कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

स्पोर्टर्स न्यूज

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग का ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में आज बालक- बालिका 19 वर्ष के लिए ट्रायल हुआ। बिलासपुर संभाग के आठ जिलों के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। अंडर 19 बालक वर्ग से संभाग के 128 खिलाड़ी तथा बालिका वर्ग से 75 खिलाड़ियों ने यहां अपना प्रदर्शन किया। बेहतर बल्लेबाजी, बोलिंग तथा क्षेत्ररक्षण मैं सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिसमें 16 खिलाड़ी बालक वर्ग से एवं 16 खिलाड़ी बालिका वर्ग से चयन कर संभाग की टीम बनाई जाएगी। और यह टीम और यह चयनित टीम अगले महीना कोरबा में होने वाले राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगी फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पांडे तथा चयन समिति के संयोजक डॉक्टर सुरेश शुक्ला ने संभाग के 200 से अधिक खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखा और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाकी। इस अवसर पर एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने संभाग के क्रिकेट खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आज संभाग के 203 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया बालिका वर्ग में भी काफी उत्साह दिखा और क्रिकेट खेल मैदान में अच्छा प्रदर्शन किया, पिछले 2017 से फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में सारी सुविधाओं के साथ यहां खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण भी दिया जाता है और संभाग की टीम निश्चित तौर पर अगले महीने कोरबा में होने वाले राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पांडे ने भी सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाईदी।

ज्ञात हो कि फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में क्रिकेट खिलाड़ियों को सर्व सुविधायुक्त और वरिष्ठ कोच के द्वारा बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है। बालिकाओं को भी यहां क्रिकेट खेल के लिए अवसर दिया जा रहा है। आज बिलासपुर संभाग के मुंगेली, जांजगीर चांपा, कोरबा, सारंगढ़, रायगढ़, जीपीएम जिले के बालक बालिका वर्ग के 203 क्रिकेट खिलाड़ी यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पहुंचे। खिलाड़ियों के साथ जिले से कोच खेल अधिकारी भी पहुंचे थे। बालक -बालिका वर्ग में 16,-16 खिलाड़ियों का चयन करके संभाग की टीम बनाई जाएगी।

संभाग के 128 बालक तथा 75 बालिकाओं ने किया प्रदर्शन



अगले महीने कोरबा में राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होंने 16-16 खिलाड़ियों की टीम बनेगी।

छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, तखतपुर के लोकप्रिय विधायक बड़े भैया

मान. धरमजीत सिंह जी

को

जन्मदिन

की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं

डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार
जनपद अध्यक्ष तखतपुर

संतोष कौशिक

विक्की सिंह

सौरभ पाण्डेय

राकेश तिवारी
जनपद उपाध्यक्ष तखतपुर

महाकाल का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।


आंजनेय एनर्जी एंड इंफ्रा

ANJANEYA ENERGY AND INFRA

स्वच्छ ऊर्जा | उज्जवल भविष्य

बिजली बिल में बचत | स्वच्छ पर्यावरण | समृद्ध समाज

सौर ऊर्जा से उज्जवल कल की ओर...



श्री धर्मजीत सिंह जी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...

कौस्तुभ कश्यप
संस्थापक एवं स्वामी
आंजनेय एनर्जी एंड इंफ्रा

गिरीश कश्यप
सहयोगी एवं मार्गदर्शक
आंजनेय एनर्जी एंड इंफ्रा
अधिवक्ता/नोटरी

सोलर रूफटॉप सिस्टम | सोलर जल पंप | सोलर स्ट्रीट लाईट | सोलर इन्वर्टर, बैटरी एवं सहायक उपकरण | इंस्टॉलेशन एवं मेंटेनेंस सेवा | 25 वर्षों तक की वारंटी एवं विश्वसनीय सेवा

फ्री साइट विजिट के लिए संपर्क करें
9079030554 | 9329353798 | 7067872171

C/O गिरीश फ़ोटोकॉपियर, तहसील चौक, तखतपुर जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495330



तखतपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक

मान. धर्मजीत सिंह जी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...





गिरीश कश्यप
अधिवक्ता/नोटरी



Happy Birthday





आप दीर्घायु हों

मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक- तखतपुर

श्रीमती नूरीता कौशिक
पूर्व अध्यक्ष-जनपद पंचायत तखतपुर
सदस्य-बाल कल्याण समिति

प्रदीप कौशिक
जिला महामंत्री
भाजपा बिलासपुर

संकलनकर्ता



दिलीप तोलानी
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

खबर संक्षेप

पेंशन धारी कल्याण संघ की बैठक आज

लोरमी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील इकाई लोरमी की आवश्यक बैठक 13 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की जाएगी। उकताशय की जानकारी पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील इकाई लोरमी के अध्यक्ष डी एस राजपूत ने देते हुए बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी । संगठन के हित को मद्देनजर रखते हुए एक रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने संघ के सभी साथियों से अपील की है कि वे बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे।

इलेक्ट्रानिक दुकान में निकला कोबरा, सुरक्षित किया रेस्क्यू

कोरबा। बुधवारी बाजार स्थित खुशबू इलेक्ट्रॉनिक शॉप के स्टोर रूम में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सामान हटाने के दौरान अचानक एक सांप की केचुली नजर आई। स्टोर रूम के अंदर खतरनाक सांप के छिपे होने की आशंका को भांपते हुए दुकान में काम तुरंत रोक दिया गया और तत्काल वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के सदस्य जितेंद्र सारथी को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में सावधानी के साथ स्टोर रूम का सामान हटाना शुरू किया। स्टोर रूम से करीब 6 फीट लंबा एक विशालकाय कोबरा सांप बाहर नजर आया। रेस्क्यू टीम को करीब एक घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

निधन

प्रेमनारायण विश्वकर्मा



बिलासपुर। तखतपुर वार्ड 8 निवासी प्रेम नारायण विश्वकर्मा 81 वर्ष का 12 सितम्बर शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे निर्मल विश्वकर्मा, नितिन विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा के पिता थे।

देवरी-चिचोली पिकनिक स्पॉट पर इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्र हुए थे हादसे का शिकार

हसदेव में बहे एक छात्र की मिली लाश, दो की चल रही तलाश

बिलासपुर। जांजगीर-चांपा जिले के देवरी-चिचोली पिकनिक स्पॉट पर हसदेव नदी में बहे तीन छात्रों में से एक का शव शनिवार को सालिहाभाठा के पास नदी में मिला। वही दिनभर खोजबीन करने के बाद भी दो अन्य छात्रों का पता नहीं चल सका। एसडीआरएफ और डीआरएफ की टीम ने पूरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। ड्रोन कैमरे की मदद भी ली गई, लेकिन देर शाम तक दोनों छात्रों का पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के कारण सर्चिंग रोक दी गई है और रविवार सुबह फिर से तलाश शुरू की जाएगी।

चौकसे कॉलेज के 8 विद्यार्थी शुक्रवार 11 सितंबर को पिकनिक मनाने देवरी चिचोली पहुंचे थे। इस दौरान एक छात्र नदी में गिर गया। उसे बचाने दो अन्य छात्र भी नदी में कूद गए। हसदेव नदी के तेज बहाव में तीनो बह गए। अन्य साथी कुछ समझ पाते इससे पहले ही पवन पाल, मुरारी साहू और सचिन सिंह बहते हुए उनकी आंखो से ओझल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की गई। पानी के तेज बहाव और अंधेरा होने के कारण शाम के बाद सर्चिंग बंद करनी पड़ी। इधर शनिवार 12 सितंबर को सुबह होते ही रेस्क्यू अभियान में तेजी लाई गई।एसडीआरएफ और डीआरएफ की टीम ने नदी के अलग-अलग हिस्सों में सघन खोजबीन की। नदी के बहाव और आसपास के क्षेत्र में तलाश के लिए ड्रोन कैमरे की भी मदद ली गई। इसी दौरान सालिहाभाठा के पास नदी में एक शव दिखाई दिया, जिसे बाहर निकाला गया। बाद में उसकी पहचान पवन पाल के रूप में हुई। इधर मुरारी साहू और सचिन सिंह की तलाश लगातार जारी रही। रेस्क्यू टीमों ने नदी के संभावित स्थानों पर काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। नदी के तेज बहाव के कारण रेस्क्यू टीम को भी काफी सावधानी के साथ अभियान चलाना पड़ा।अंधेरा होने के बाद नदी में रेस्क्यू अभियान को रोक दिया गया। अब रविवार सुबह से दोबारा अभियान शुरू किया जाएगा। दोनों लापता छात्रों की तलाश के लिए रेस्क्यू टीमों को नदी के अन्य संभावित क्षेत्रों में भी भेजा जाएगा। हादसे के बाद से छात्रों के परिजन और उनके साथी घटनास्थल पर मौजूद हैं। दो छात्रों के सुरक्षित मिलने की उम्मीद में रेस्क्यू अभियान पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।



सलिहाभांठा के पास नदी से शव निकालने के बाद पंचनामा कार्यवाही करती पुलिस।

डेंजर जोन में जरा सी चूक से जाती है जान

देवरी चिचोली में जांजगीर चाम्पा जिले के आलावा बिलासपुर और कोरबा जिले से भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली अपने प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ही पिछले कुछ सालों में जानलेवा हादसों के लिए प्रसिद्ध होता जा रहा है। इस स्थान पर 14 जुलाई 2024 को सरकंडा बिलासपुर का शुभम यादव नदी में बह गया था, उसकी लाश अगले दिन मिली। इसी तरह 20 अक्टूबर 2024 को अकलतरा क्षेत्र का कापन निवासी सूरज पटेल और खुशेन्द्र बरेठ नदी में नहाते समय बह गए थे। वहीं 27 दिसंबर 2024 को दीपका से पिकनिक मनाने आए 24 वर्षीय अश्वनी सिंह और 19 वर्षीय सुमित सिंह की भी नदी में डूबकर मौत हो गई थी। इसके आलावा 1 मार्च 2025 को बनारी निवासी सप्रन्य पाण्डेय की नदी में डूबने से जान चली गई। वहीं 4 अक्टूबर 2025 को बिलासपुर के स्वर्ण रेखा ठाकुर, अंकुर कुशवाहा और आशीष भोई की नदी में डूबकर मौत हों गई।

कैट बिलासपुर ने किया तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार

अनिल बने तखतपुर के सयोंजक



तखतपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप खेंडेलवाल, बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा, प्रमोद वर्मा, प्रवीण सलूजा, राजेश सैनी, हरदीप होरा, नितिन सलूजा ने बताया कि अपने संगठन को तहसील स्तर पर मजबूती देने के लिए संगठन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में कैट बिलासपुर द्वारा तखतपुर के होटल रेयांश इंटरनेशनल में तखतपुर के स्थानीय व्यापारी संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापारियों के हितों की रक्षा और संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के सर्वप्रथम तखतपुर व्यापारी संघ द्वारा कैट पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार किया। उसके बाद कैट जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कैट संगठन के उद्देश्य और कार्यप्रणाली और व्यापारियों के हितों लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी विस्तृत दी। तदुपरांत तखतपुर के सभी व्यापारियों ने सर्वसम्मति और राष्ट्रीय वॉइस चेयरमैन अमर परवानी की सहमति से अनिल सिंह ठाकुर (राजा) को तखतपुर के सयोजक की मनोनीत किया। नवनियुक्त पदाधिकारी अनिल सिंह ठाकुर (राजा) ने इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए कैट बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल और तखतपुर के सभी व्यापारी भाइयों का आभार व्यक्त किया। इस बैठक में क्षेत्र के परशराम मंगलानी, गुरचरन सिंग बग्गा, प्रमोद अग्रवाल, करमचंद टेकवानी, अनिल सिंह, किशन तामकर, आदित्य अग्रवाल, परवेज़ भारमल, राजेश अग्रवाल, रवि हुरा, हेमराज मंगलानी, गिरिश कुकरेजा, सूरज सोनी, मनोज गुप्ता, मनोज सोनी, मुरली गागवानी, राजेश पाली, राकेश सोनी, राकेश मंदानी, संतरामजी, प्रतीक अग्रवाल, अमित मंगलानी व अनेक वरिष्ठ और युवा व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सकारात्मक सोच और राजयोग से ही संभव है नशा मुक्ति

तखतपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे 10 करोड़ नशा मुक्ति महाभियान के तहत 'सुख शांति भवन' तखतपुर की ओर से स्कूलों मे सरस्वती शिशु मन्दिर, जेएमपी हायर सेकेंडरी स्कूल मे नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य सेवा केंद्र संचालिका ममता दीदी ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया की नशा केवल व्यक्ति का नही पूरे समाज का विनाश करता है।भारत विकास की ओर अग्रसर है तब युवा शक्ति को नशे की गिरफ्त से बाहर लाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। दीदी ने अनेक उदाहरण देते हुए नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया, नशे से मुक्त होने के लिए राजयोग ध्यान और सकरात्मक सोच मन को मजबूत बनाना है। नशा मन की कमजोरी का परिणाम है आत्मसम्मान और स्व नियंत्रण से नशा मुक्ति संभव है। दीदी ने सभी से प्रतिज्ञा करवाया कि नशे से स्वयं को मुक्त करना है एवं परिवार व समाज को भी नशे से दुर करने मे अपना सक्रिय योगदान देना है। हाई स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक संजय सिंह क्षत्रिय ने छात्र - छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है उन्होंने कहा कि युवा पीढी देश का कर्तव्य है उन्हे इन बुराइयों से बचना चाहिए। हाई स्कूल प्राचार्य डी एच कुंजाम मैडम ने कहा कि मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन जरूरी है तभी नशे से मुक्त हो सकते है। इस कार्यक्रम मे सरस्वती शिशु मन्दिर के सभी प्राचार्य, शिक्षक सहित हाई स्कूल से श्रीकांत मिश्रा, विनोद जायसवाल, घनश्याम जांगड़े, भागेश्वर् सिंह राजपूत, अर्पिता सहित बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



रंजिश पर जानलेवा हमला, युवक अस्पताल में भर्ती

मुंगेली। ग्राम औराबांधा में रंजिश के चलते हरिवंश सिंह ठाकुर पर हमला किया गया था, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो जा रहा है। प्राणघातक हमले के आरोपी भाई संतोष मरकाम एवं राजू मरकाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा। घायल हरिवंश सिंह ठाकुर को परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

ग्राम औराबांधा निवासी हरिवंश सिंह ठाकुर 7 सितम्बर को सुबह खेत की तरफ जा रहा था। राजू मरकाम के घर के पास ही पहुंचा था तभी राजू मरकाम द्वारा पुरानी रंजीश रूपये पैसे की विवाद को लेकर संतोष मरकाम एवं राजू मरकाम दोनों एक राय होकर हत्या करने के नियत से हरिवंश सिंह ठाकुर के कुदरी को छीनकर प्राणघातक हमला कर दिया। परिजनों को सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे। डायल 112 की सहायता से घायल हरिवंश सिंह ठाकुर उम्र लगभग 55 वर्ष को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 115 (2), 351 (3) 109, 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्राणघातक हमले के आरोपी संतोष मरकाम एवं राजू मरकाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा।





होटल इंटरसिटी इंटरनेशनल | छाबड़ा प्लाई | बी.के. सेल्स
जगमल चौक, बिलासपुर
J.J.Ad


जन नायक एवं तखतपुर के लाड़ले विधायक
मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक- तखतपुर
संतोष कश्यप
पूर्व मंडल अध्यक्ष-विजयपुर
प्रमोद कौशिक
सरपंच प्रतिनिधि-करनकापा
अश्वनी श्रीवास
प्रतिनिधि सभापति-वन विभाग तखतपुर
श्रीमती ललिता संतोष कश्यप
जिला पंचायत उपाध्यक्ष
श्रीमती सीमा श्रीवास
सभापति-वन विभाग तखतपुर
दिनेश साहू
मंडल अध्यक्ष-विजयपुर
श्याम सुंदर कश्यप
अध्यक्ष-सरपंच संघ तखतपुर
लक्ष्मी प्रसाद खांडे
कार्यकारी अध्यक्ष-सरपंच संघ तखतपुर
सुभद्रा प्रमोद कौशिक
सरपंच-ग्राम पंचायत करनकापा


जीवत रहऽ यतमा
जन नायक एवं तखतपुर के लाड़ले विधायक
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक- तखतपुर
आदित्य अग्रवाल
संदीप अग्रवाल
बालकिशन अग्रवाल
अनुपम बंसल
उत्कर्ष मक्कड़
अमर संतानी
आशीष अग्रवाल
संजय अग्रवाल
अमित अग्रवाल
टंकेश्वर अग्रवाल
राजपाल सिंह खनूजा
मुकेश जायसवाल
महेश अग्रवाल
अंकित अग्रवाल
हरचरण सिंह हूरा
इंद्रपाल सिंह
रामाचंद टेकवानी
मोहन लाल अग्रवाल
दुर्गेश अग्रवाल
मनोज अग्रवाल
गोविन्द अग्रवाल
पंकज अग्रवाल
दिलीप अग्रवाल
शिवांक शिवहरे
सौरभ अग्रवाल
अनिल अग्रवाल
गौरव गुप्ता
सुरेन्द्र जायसवाल
विकास अग्रवाल
आयुष अग्रवाल
कान्हा आयुष अग्रवाल
मोहन अग्रवाल
अक्षत अग्रवाल
नीरज जायसवाल
विनीत : राईस मिल एसोसिएशन, तखतपुर
संकलनकर्ता
दिलीप तोलानी
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर


जीवंत राष्ट्रः आत्मा
उत्कृष्ट एवं लाड़ले विधायक तखतपुर
श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सीपत। मस्तूरी क्षेत्र के कांग्रेस नेता अशोक राजवाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर राजवाल ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। राजवाल ने कहा कि पार्टी ने जो महत्वपूर्ण दायित्व उन्हें सौंपा है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के हक, अधिकार और सम्मान की लड़ाई को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

टंडन बने मल्हार मंडल पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक



मस्तूरी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन तथा भाजपा संभाग प्रभारी/सहप्रभारी, जिला प्रभारी, प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल की अनुशंसा से तथा जिला संयोजक जागेंद्र कश्यप के निर्देशानुसार पंचायत प्रकोष्ठ मंडल कमेटी की घोषणा की गई है। इसी क्रम में पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत भरारी के तीन बार निर्वाचित सरपंच द्वारिका टंडन को मल्हार मंडल पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक नियुक्त किया गया है।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ का पुनर्गठन



लोरमी/ खपरीकलां। सहकारी समिति कर्मचारी संघ में नया दायित्व सौंपते हुए भोलाराम यादव को सहकारी समिति कर्मचारी संघ बिलासपुर संभाग का उपाध्यक्ष एवं मुंगेली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

ब्लॉक सरपंच संघ के 16 कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन



मुंगेली। फरहदा सरपंच उमेश साहू सरपंच संघ मुंगेली ब्लॉक के अध्यक्ष बने। बैठक में सरपंच संघ के उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं 16 कार्यकारिणी सदस्यों को सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। जनपद पंचायत मुंगेली में सरपंच संघ का पुनर्गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें मुंगेली ब्लॉक के सरपंच संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष ग्राम पंचायत कंतेली के लता संतोष चतुरगोष्ठी, सचिव ग्राम चारभाठा के सरपंच संजय सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष ग्राम भालापुर के सरपंच विवेकानंद साहू एवं 16 कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी 124 पंचायत के सरपंच के प्रतिनिधित्व में कार्य योजना का रूपरेखा तैयार किया गया है।

1 माह तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

मुंगेली। शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा, सहभागिता और जनकल्याण की गतिविधियों से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाना है।

तीज और गणेशचतुर्थी का अद्भुत संयोग

कल सजेगा शिव पार्वती का दरबार घर व पंडालों में विराजेंगे गणपति



हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

गणेशोत्सव की जोरदार तैयारी के साथ इस बार युवाओं ने नगर में कई जगह पंडाल बनाए हैं। सोमवार को गणेश चतुर्थी मनाने पूरी तैयारी हो गई है। विगत 50 वर्षों से मूर्ति बना रहे नगर के प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रह्लाद निर्मलकर ने भी इस बार अधिक संख्या में मूर्ति तैयार कर लिया है। उनको उम्मीद है कि इस वर्ष गणेशोत्सव मनाने पूरे क्षेत्र में उत्साह है इसलिए उनकी शुद्ध देशी मिट्टी से बनाई मूर्ति अच्छी बिकेगी।

छोटे छोटे गली मोहल्लों में भी बच्चों ने गणेशोत्सव मनाने तैयारी कर ली है। सोमवार से 10 दिनों तक भगवान गणेश की आराधना होगी इस दौरान कीर्तन मंडलियां भी भजन कीर्तन कर उत्साह के साथ आनंद उठाएंगे। 14 सितंबर सोमवार के दिन हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का एक दुर्लभ और अद्भुत संयोग बन रहा है। पंचांग के अनुसार इस दिन सुबह तृतीया तिथि रहेगी और उसके बाद चतुर्थी तिथि का आरंभ होगा, जिससे दोनों ही प्रमुख पर्व एक ही दिन मनाए जाएंगे, सुबह के समय हरतालिका तीज का व्रत और शिव-पार्वती की पूजा की जाएगी, जबकि दोपहर के वक्त गणपति स्थापना और गणेश पूजा का विधान है, इस संयोग का महत्व शिव परिवार की आराधना से है चूंकि गणेश जी माता पार्वती और भगवान शिव के पुत्र हैं और यह दिन सोमवार शिव जी का भी है, इसलिए इसे 'व्रतों की त्रिवेणी' माना जा रहा है। सुहागिन महिलाएं और विवाह योग्य कन्याएं अखंड सौभाग्य और मनपसंद वर की प्राप्ति के लिए यह निर्जला व्रत रखती हैं। इसी दिन से दस दिवसीय गणेशोत्सव की धूम शुरू होगी और घरों व पंडालों में विघ्नहर्ता श्रीगणेश विराजमान होंगे।

बाजारों में दिखी सुहागनों की भीड़

मुंगेली। आगामी 14 सितंबर को मनाए जाने वाले सुहाग के प्रतीक पर्व हरतालिका तीज को लेकर शहर के बाजारों में भीड़ देखी जा रही है। तीज मनाने मायके पहुंची महिलाओं में तीज उत्सव को लेकर विशेष उत्साह नजर आ रहा है। पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी सुहागन महिलाओं ने बाजारों का रुख करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते प्रमुख बाजारों में खरीदारों की खासी चहल–पहल देखने को मिल रही है।तीज के इस विशेष अवसर पर सोलह श्रृंगार और खासकर पारंपरिक परिधानों की मांग सबसे अधिक बनी हुई है। बाजार में महिलाओं के बीच साड़ियों की खरीदारी को लेकर जबरदस्त क्रेज है। दुकानदार भी ग्राहकों को लुभाने के लिए साड़ियों के लेटेस्ट और नए–नए स्टाक बाजार में उतार चुके हैं, जिनमें लहरिया, बंधेज, शिफरान और बनारसी सिल्क की वैराइटी महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। साड़ियों के साथ–साथ मैचिंग



चूड़ियां, आभूषण, और अन्य श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों पर भी दिनभर महिलाओं का तांता लगा रहा है।

धर्मजीत के जन्मदिन पर होंगे विविध आयोजन, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह के जन्म दिवस पर अंचल में विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समर्थकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक के स्वागत और कार्यक्रमों के लिए एक विस्तृत रूट चार्ट जारी किया गया है।

जारी रूट चार्ट के अनुसार, कार्यक्रमों की शुरुआत दोपहर 12 बजे शिव नगर (आईबीपी पेट्रोल पंप के सामने मेन रोड) से होगी, जहां रामा पटेल, प्रदीप पटेल एवं सहयोगियों द्वारा विधायक श्री सिंह का स्वागत किया जाएगा तथा फल वितरण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:05 बजे उसलापुर बिरसामुंडा चौक पर अशोक ठाकुर (एल्डरमैन) एवं सहयोगियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे उसलापुर सतनामी समाज भवन व उसलापुर मानिकपुर समाज में नगर पालिका निगम द्वारा स्वागत का आयोजन किया गया है। इसके बाद क्रमशः सकरी महामाया गेट के पास, गुरुबालक दास चौक कोटा मोड़, परसदा, भरनी, पोंड़ी मोड़, छोटे चोरभट्ठी, गनियारी (वर्मा मोहल्ला एवं ग्रामीण बैंक के पास) तथा बेलटुकरी मोड़ पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक धर्मजीत सिंह का भव्य स्वागत किया जाएगा।

छाबड़ा ने दी शुभकामनाएं



तखतपुर। विधायक धर्मजीत सिंह को कुंडा के पूर्व सरपंच एवं होटल इंटरसिटी के संचालक सुरेंद्र सिंह छाबड़ा द्वारा 75 ग्रामवासियों को महामाया रतनपुर, श्री काशी विश्वनाथ, अयोध्या धाम, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की तीर्थ यात्रा की वापसी के पश्चात श्री रामलला की मूर्ति भेंट कर जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

मुख्य कार्यक्रम एवं भूमिपूजन

दोपहर 2 बजेः बेलटुकरी स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विधायक श्री सिंह पहुंचेंगे, जहां मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। शाम 4:30 बजेः समडील में गौरव पथ निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा। शाम 5 बजेः बेलगहना स्थित शनि देव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ दिवस के कार्यक्रमों का समापन होगा। जगह-जगह स्वागत और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बच्चों ने बनाए घोड़े, हाथी और गणेशजी के आकर्षक खिलौने



मुंगेली। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तरकीडीह में शनिवार को बेगलेस डे के अवसर पर मिट्टी के खिलौने निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रधान पाठक सतीराम सिंगरौल ने किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी के खिलौने प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं। इससे बच्चों में रचनात्मकता, एकाग्रता और हस्तकौशल का विकास होता है। संकुल समन्वयक मोहन कश्यप ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बेगलेस डे का उद्देश्य बच्चों को किताबी बोझ से मुक्त कर कौशल विकास से जोड़ना है। मिट्टी से जुड़कर बच्चे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। कार्यशाला में शिक्षिका लता सिंह व मधुरिमा सिंगरौल के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपने हाथों से दिए, घोड़े, हाथी, बैलगाड़ी, चूल्हा–बर्तन और गणेश जी सहित आकर्षक खिलौने बनाए। बच्चों ने बताया कि उन्हें मिट्टी से खेलकर बहुत आनंद आया। विद्यालय के सभी बच्चों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया, अंत में उत्कृष्ट खिलौने बनाने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

जन–जन तक पहुंचेगा सेवा और सुशासन का संदेश : पाण्डेय



पेंड्रा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राजा पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण, सुशासन, राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण की प्रेरणादायी यात्रा के 25 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति और राष्ट्र सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। प्रेस वार्ता में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला अध्यक्ष लालजी यादव, कन्हैया सिंह राठौड़, समीरा, डॉ. नीरज जैन, लुसेंन सिंह राठौड़, किशन सिंह, राकेश दीक्षित, दया सिंह पोर्ते, बालकृष्ण अग्रवाल, रानू नामदेव, मनीष श्रीवास, शिव शर्मा, दीपक शर्मा एवं अरुण तिवारी सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

गणेश उत्सव को लेकर रतनपुर थाने में शांति समिति की बैठक



रतनपुर। आगामी गणेश उत्सव एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना रतनपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह, थाना प्रभारी निलेश पांडे सहित नगर के जनप्रतिनिधि, पत्रकार, वरिष्ठ नागरिक, गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सरपंच एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात एवं गणेश विसर्जन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी निलेश पांडे ने गणेश उत्सव समितियों से शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए आयोजन करने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित ध्वनि सीमा में उपयोग को लेकर समितियों को समझाइश दी।

शासकीय विद्यालय में 89 छात्राओं को मिली साइकिल



मल्हार। सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार में कक्षा नवमी के अध्ययनरत 89 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।

संस्था के प्राचार्य वेदप्रकाश शुक्ला ने छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि स्कूल वेशभूषा, किताबें, मध्यान भोजन के साथ ही कक्षा नवमी के छात्रों को साइकिल दिया जा रहा है ताकि उनकी पढ़ाई बीच में ना छूटे और दूर स्थित उच्च माध्यमिक कक्षाओं की पढ़ाई भी आसानी से कर सके। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेशवरी धनेश्वर कैवर्त, वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश पांडेय, अकतराम सिन्हा, दिलीप पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मणकांत, पार्षद सपना मिथुन यादव, सुजीत राजभानु, संतरा बाई, बहोरन केवट, राजेश टंडन, धनेश्वर केवट, शाला परिवार से रश्मि गुप्ता, जगदीश तिवारी, संजय दुबे, रवि देवांगन, अनिल बंजारे, असलेखा राय, तिमांजलि, काजल सोन, संगीता यादव, श्वेता मौर्य, लता केवट, उपासना पांडेय, संध्या चौबे, उदय गुप्ता, बिंदु पात्रे, कमल साहू, शिवशंकर नागेश, गुंजन तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आत्मानंद गर्ल्स स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



बिल्हा। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के समस्त विद्यालयों में ज्ञान सभा का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी भूपेंद्र कौशिक विकास खण्ड शिक्षा अधिकार, मुकेश अग्रवाल सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा के कुशल नेतृत्व में विकास खण्ड बिल्हा के समस्त विद्यालय में ज्ञान सभा का आयोजन करने का निर्देश किया गया है जिसके तहत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या विद्यालय बिल्हा में जिला का पहला संकुल क्लब स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल आठ संकुलों से कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहजनक सहभागिता के साथ हिस्सा लिया।विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को ध्यान में रखते हुए इस परीक्षा के लिए तीन अलग-अलग स्तरों के प्रश्न-पत्र तैयार किए गए थे। प्रतियोगिता के समापन पर प्राथमिक, मिडिल, हाई/ हायर सेकेंडरी स्तर के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य चंद्रभान सिंह ठाकुर एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक केशव वर्मा बिल्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित एवं सफल बनाने में साधाराम मरकाम, भूपेंद्र समनानी, कलेश्वर साहू, राजेश यादव, पुनीराम साहू, शाहबुद्दीन खान, सूर्यकांत कौशिक, विपिन मनहर, कांशी राम जांगड़े, दिलीप पाटेल, हरिवंश उपाध्याय तथा नवीन साहू का विशेष व सराहनीय योगदान रहा।


न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार मस्तूरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक /क्यू./ अ.त./026 / वा.म./तह./026
मस्तूरी दिनांक 27/08/2026
उपस्थिति नोटिस
इस न्यायालय रा.प्र.क्र. 2025060713000025 ब–121/2024–25
मैं पक्षकार राकेश चौकसे विरूद्ध उमाशंकर मैत्री वगै. ग्राम रलिया में वाद भूमि खसरा नं. 112/151, 112/157, 112/158, 112/167, कुल रकबा 20.06 ए. भूमि पर आवेदक पक्षकार अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है तद संबंध में प्रकरण की निवारण हेतु अनावेदकगण उमाश ंकर मैत्री, सेतूराम मैत्री, जानकी बाई और चंपाबाई सभी निवासी ग्राम रलिया हा.मु चोरभटटी गुड़ी पारा मुलमुला जिला जांजगीर चांपा एवं अनिल कुमार केडिया, हरीश चंद केडिया जयरामनगर तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. एवं चुन्नुलाल पटेल ग्राम हरदाडीह तहसील मस्तूरी एवं ठाकुर प्रसाद मैत्री निवासी रलिया सभी को उपस्थिति हेतु दिनांक 25/09/2026 को नियत है जिसमें आपके उपस्थिति अनिवार्य है।
अतएव आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता कि दिनांक 29/09/2026 को अपनी उपस्थिति न्यायालय में सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय आर्यवाही की जावेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।
अस्तु आज दिनांक 27/08/2026 को न्यायालय के सील मुहर से उपस्थिति नोटिस समाचार पत्र में प्रकाशन पत्र कर जारी किया जाता है।
अति. तहसीलदार मस्तूरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 09/09/2026
ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 380/19 रकबा 0.0060 हेक्टेयर/एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक/ आवेदिका गायत्री गोस्वामी पिता/पति धनेशपुरी गोस्वामी निवासी तेलीपारा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/09/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनॉक 09/09/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, पं. दीनदयाल नगर सामान्य आवास योजना देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में भवन क्रमांक एल.आई.जी. 57 श्री.एन.व्ही.एस. शर्मा के नाम पर नामांतरित है। इसके उपरांत उक्त आबंटी की मृत्यु दिनांक 18.01.2022 को हो जाने के पश्चात उक्त भवन को आबंटी के छोटे पुत्र श्री एन नागराजू (नेमानी नागराजू) पिता स्व. श्री.एन.व्ही. एस.शर्मा ंके नाम पर नामांतरण करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय /अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।
संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी श्री पियूष बाकरे पिता स्व.उमाजी राव बाकरे निवासी कस्तुरबा नगर जरहाभाठा बिलासपुर ने श्री देवप्रसाद देवांगन पिता दादूराम देवांगन निवासी 75/1 एल.आई.जी.मार्ग जीवाजी राईस मिल के पीछे, नेहरू नगर बिलासपुर की निम्नलिखित आवासीय भूमि को क्रय करने हेतु विक्रेता के साथ सौदा किया है तथा बयाना राशि देकर निकट भविष्य में उक्त भूमि की रजिस्ट्री संपादित कराने का पक्का वादा किया है। भूमि का विवरण–खसरा नंबर 900/6, रकबा 0.0103 हे. (1144 वर्गफुट) ग्राम मंगला प.ह.नं. 0035, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी बैंक/व्यक्ति/ संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष का किसी प्रकार का दावा/आपत्ति/ अधिकार या हित हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें। निर्धारित अवधि के भीतर किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति नहीं है तथा क्रेता द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार संपादित कराई जाएगी।
दिनांक : 12.09.2026
स्थान : बिलासपुर
भवदीय
संजय टंडन
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-11124





जन नायक एवं उत्कृष्ट
तखतपुर के लाड़ले विधायक
मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेन्द्र राजपूत
भाजपा सदस्य
दिनेश राजपूत (गुरूजी)
जिलाध्यक्ष - भाजपा किसान मोर्चा बिलासपुर शहर
पूर्व जिलाध्यक्ष - शिक्षक संघ बिलासपुर
संकलनकर्ता
राजू सिंह ठाकुर
हरिभूमि प्रतिनिधि
तखतपुर

खबर संक्षेप

युवक पर चाकू से हमला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। पैसा देने मना करने से युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर को रात 8 बजे तोरवा निवासी दुर्गेश यादव पंप हाउस की ओर जा रहा था। इसी दौरान तोरवा सूर्यवंशी मोहल्ला निवासी कृष्णा सूर्यवंशी पिता जागेश्वर सूर्यवंशी 18 साल उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगा। उसने पैसा देने से मना कर दिया तो कृष्णा ने उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर लिया। पुलिस ने दुर्गेश की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 31, 3, 119, 1, 118, 1 के तहत हमलावर कृष्णा सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है।

मकान में चोरी करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

बिलासपुर। मकान में चोरी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने पकड़कर उससे 70 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। 9 सितंबर को देवनंदन नगर फेस 2 निवासी श्याम बिहारी गुप्ता परिवार के साथ प्रथम तल के कमरे में सो गए थे। 10 सितंबर की सुबह सोकर उठे तो आलमारी खुली हुई थी और सोने चांदी के जेवर व 6 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। छत के रास्ते से चोर अंदर आकर चोरी कर भाग गए थे। पुलिस ने पतासाजी कर क्षेत्र के एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री गुप्ता के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेही पर 70 हजार के जेवर बरामद किए गए हैं।

फर्जी लिंक भेजकर अधिवक्ता से ठगी

बिलासपुर। एसबीआई योनो एप का फर्जी लिंक भेजकर अधिवक्ता से 6 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा मन्नू चौक निवासी अधविक्ता तापस कुमार हाजरा 66 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 5 सितेबर को वे फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान एसबीआई योनो एप डाउनलोड करने का लिंक आया। उन्होंने लिंक पर टच कर एप डाउनलोड करने की कोशिश की। एप डाउनलोड नहीं हुआ और कुछ देर बाद मोबाइल में संदिग्ध गतिविधियां नजर आने लगीं, जिससे उन्होंने एप अनइंस्टाल कर दिया। उसके बाद भी अगले दिन उनके तीन बैंक खातों से अलग अलग तिथियों में 6 लाख दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया। उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने श्री हाजरा की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

जनसेवा व जनभागीदारी संकल्प अभियान 17 से

बिलासपुर। जिले में जनसेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभियान के सफल आयोजन के लिए ननि कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे तथा जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभागीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को गतिविधिवार जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

किराया चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल | **जिन दुकानदारों को जहां से हटाया जाएगा, वहीं दुकानें बनाकर दी जाएंगी, व्यापारियों ने रखी मांग**

चबूतरे वालों को इमलीपारा काम्प्लेक्स में नहीं मिलेंगी दुकानें, नए नियम से होगा आबंटन

बिलासपुर। नगर निगम ने इमलीपारा में बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स में व्यापारियों को दुकान आबंटन की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू की है। इसके तहत व्यापारियों के साथ बैठक हुई है।

निगम ने साफ किया है कि कब्जा हटाने से पहले जिन लोगों की दुकान चबुतरों में थी उन्हें दुकान नहीं दी जाएगी। इनके आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। इसके साथ ही निगम ने नए व्यवस्थापन नियम के आधार पर व्यापारियों को दुकानें देने का फैसला लिया है। नए नियम के मुताबिक जिन दुकानदारों को जहां से हटाया जाएगा वहीं दुकानें बनाकर दी जाएंगी। इस नियम से इमलीपारा के व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। उन्हें प्रीमियम राशि कम जमा करनी होगी। साथ ही किराए में भी छूट मिल सकती है। ध्यान रहे कि निगम ने 12 करोड़ रुपए खर्च कर इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया है। इसका किराया इतना अधिक रखा गया है कि पहले चरण में 22 दुकानों



के आबंटन के बाद भी 29 दुकानें साल भर से खाली पड़ी हैं। अब निगम के साथ हुई बैठक में व्यापारियों ने दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की है। अधिकांश व्यापारियों ने ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों की मांग की है। इनका कहना है कि रिटेल व्यापार सेकेंड या थर्ड फ्लोर पर चल नहीं पाएगा। हटाए गए दुकानदार पिछले ढाई साल से परेशान हैं। इनका कहना है कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।

किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार तक

इधर प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं तो साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने हटाया था वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे। इन दुकानों का मासिक किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक है, जिसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल है। निगम के मुताबिक अभी तक दो दौर में 27 दुकानों का आबंटन किया गया था। तीन दुकानें हाईकोर्ट के निर्देश पर दी गई है। गौरतलब है कि पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई थी। इसमें निगम को किराया मिलना था। निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा।

लीज की शर्तों के अनुरूप आवंटन होगा

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने नगर निगम को यह निर्देश दिया है कि व्यापारियों के दावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। साथ ही उन्हें नई इमलीपारा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता देने पर निर्णय लिया जाए। निगम इस पर भी विचार कर रहा है। ध्यान रहे कि निगम ने इन व्यापारियों को ए, बी और सी श्रेणी में रखा है। इससे पहले इन दुकानदारों द्वारा कहा गया था कि उनकी लीज 2037-38 तक वैध है, लेकिन निगम ने केवल 3 साल के लिए दुकान आवंटित करने का निर्णय लिया था। कोर्ट ने इसे अनुचित बताया और कहा कि चूंकि जमीन नजूल संपत्ति है, इसलिए निगम लंबी अवधि की लीज देने को सीमित कर सकता है, लेकिन पहले से वैध लीज को केवल तीन साल तक सीमित करना अवैध है।

आबंटित की जाएंगी दुकानें

इमलीपारा में बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स में व्यापारियों को दुकान आबंटन की प्रक्रिया की जा रही है। व्यापारियों के साथ बैठक हुई है।जिन लोगों की दुकान चबुतरों में थी उन्हें दुकान नहीं दी जाएगी। नए व्यवस्थापन नियम के आधार पर व्यापारियों को दुकानें आबंटित की जाएंगी।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

पोस्ट आफिस और जोन कार्यालय में चल रहे आधार सेंटर

च्वाइस सेंटरों में आधार पंजीयन और अपडेट बंद, सरकारी कार्यालयों में दो दिन की वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 सालों से चल रहे आधार सेंटरों को यूआईडीएआई के गाइडलाइन्स और चिप्स की मनमानी के चलते बंद कर दिया गया है। जिले में 75 से अधिक च्वाइस सेंटरों में आधार पंजीयन और अपडेटशन बंद होते ही लोगों की मुसीबत बढ़ चुकी है। हालत यह है कि मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए भी सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का पूरा दिन बर्बाद हो रहा है, वहीं कई बार उन्हें 2 दिनों तक शहर आने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

जिले समेत प्रदेशभर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने की प्रक्रिया पिछले 20 दिनों से बंद है, शहर में पोस्ट आफिस और जोन कार्यालय सहित कुछ सरकारी कार्यालय में यह सुविधा उपलब्ध है, लेकिन 75 से अधिक च्वाइस सेंटरों में आधार का काम बंद है। केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशों के बाद च्वाइस सेंटर में आधार कार्ड से जुड़ी कोई सेवा नहीं मिल रही है। शनिवार को पोस्ट आफिस में लोगों का तांता लगा रहा, कई लोग दूर दराज के गांवों से आए थे, जिन्हें दो दिनों से कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा है, लोगों ने आपबीती भी बताई।

राज्यभर के च्वाइस सेंटरों में आधार से जुड़ी सभी सेवाएं को बंद कर चिप्स ने लोगों को बहुत ही परेशानी में डाल दिया है। जहां लोगों को गांव, मोहल्ले और कालोनियों में आधार पंजीयन और अपडेट की सुविधा मिल



पोस्ट आफिस के सामने लगी आधार कार्ड बनवाने वालों की कतार।

75 से अधिक आपरेटर कर रहे परेशानी का सामना

बताया जा रहा है कि च्वाइस सेंटरों को आधार अपडेट का कमीशन दिया जाता था, जिससे सेंटर का संचालन, स्टाफ का वेतन और अन्य खर्च पूरे होते थे। आधार सेवाएं बंद होने के बाद इन सेंटरों की आय पूरी तरह से खत्म हो चुकी है, हालांकि जल्द ही आधार का यूसीएल मॉडल लाने की तैयारी की जा रही है,जिससे डेमोग्राफी अपडेट की सुविधा मिलेगी, लेकिन नवीन पंजीयन और बायोमेट्रिक पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं आधार यूसीएल कब तक च्वाइस सेंटरों में शुरू किया जाएगा इसकी भी मियाद नहीं है।

चिप्स की मनमानी से त्रस्त हो चुके आपरेटर

राज्य में आधार संबंधी तकनीकी संचालन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी यानी चिप्स के पास है। आधार संबंधी समस्याएं जैसे आईडी एलॉटमेंट, यूजर ब्लॉकिंग, सर्वर फॉल्ट और अन्य तकनीकी दिक्कतों का समाधान चिप्स ही करता है लेकिन पिछले साल भर से चिप्स की मनमानी के कारण आपरेटर तंग आ चुके है। लगातार पेनाल्टी, सालों से कमीशन का भुगतान नहीं होने और अब ईसीएमपी आईडी बंद होने से आपरेटरों के सामने गुजारे का संकट उत्पन्न हो चुका है।

रही थी, वहीं अब सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे है। चिप्स ने खजाना भरने के लिए चिन्हित सरकारी केंद्रों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रूपए की डिपाजिट के साथ सेवा केन्द्र खोलें है, जिससे ज्यादातर आपरेटर बाहर हो चुके है।

क्या कहते हैं आम लोग

20 किमी दूर से आया हूं

दूरदराज के इलाकों के लोगों को लंबी दूरी तय करनी होगी। केंद्रों की संख्या सीमित होने से भीड़ बढ़ने और प्रक्रिया में देरी हो रही है। पोस्ट आफिस के आपरेटर मनमानी में उतर आए हैं, सुबह 8 बजे से लाइन लगाई जा रही है, 20 फार्म लेकर बाकी को जाने के लिए कह दिया जाता है, दो दिनों से 20 किमी दूर लखराम रतनपुर से यहां आ रहा हूं, लेकिन आज भी काम नहीं हो सका है।

-**राम कुमार मेश्राम**, लखराम

भगा दिया जाता है

मैं शारीरिक तौर पर विकलांग हूं, और अपने दो बच्चों को आटो से लेकर ग्राम कर्रा से आया हूं, सुबह 8 बजे आपरेटर ने फार्म देकर अब लेने से मना कर दिया है, 11 बजे के बाद ही लूंगा बोला गया है। ज्यादा कुछ बोल दो तो भगा दिया जाता है। पिछले दो दिनों से घुमाया जा रहा है, जिससे पीड़ा होना स्वाभाविक है।

- **शिवलाल यादव**, कर्रा

च्वाइस सेंटरों में आधार बंद करना गलत

च्वाइस सेंटरों में आधार की सुविधा मिलना लोगों की जरूरत है, लोग सहुलियत के हिसाब से किसी भी सेंटर से आधार पंजीयन और अपडेट करा सकते है। सरकार द्वारा आधार की सेवा च्वाइस सेंटरों में बंद करना गलत है। इससे आम लोग ही प्रताड़ित हो रहे है।

- **दिनेश कुशवाहा**, राजकिशोर नगर

शहर में धड़ल्ले से 50 रुपए पुड़िया में बिक रहा गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के गली मोहल्लों में धड़ल्ले से 50 रुपए पुड़िया में गांजा की बिक्री हो रही है। प्रतिबंध के बावजूद नशेड़ियों को आसानी से गांजा उलब्ध हो रहा है। नशे के सामान की



बिक्री होने के कारण लगातार अपराध तेजी बढ़ रहा है। गांजा बेचने पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

गांजा वर्तमान में 50 रुपए में बिक रहा है। वहीं 25 ग्राम 700 रुपए व 1 किलो गांजा की कीमत 30 रुपए हो गया है। शहर के गली मोहल्लों में बेखौफ 50 रुपए पुड़िया में गांजा की की जा रही है। आसानी से नशे का सामान मिलने से बड़ी संख्या में नाबालिग व युवा इसकी गिरफ्त में आकर अपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गए हैं। नशे में नाबालिग, युवा चाकूबाजी, झपट्टामारी, नकबजनी जैसे वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

युवतियां भी पीछे नहीं

नाबालिग व युवाओं के अलावा युवतियां भी गांजा की गिरफ्त में आ गई है। बाहर आकर शहर में रहने वाली युवतियां धड़ल्ले से धुंए का छल्ला उड़ा रही हैं। पान ठेला किराना दुकान में बिकने वाले गोगो में गांजा भरकर कश लगाया जा रहा है।

ओडिशा से आता है गांजा

गांजा तस्कर ओडिशा से सस्ते दामों में खरीदकर ट्राली बैग में भरकर ट्रेन से शहर लाते रहे हैं। इसके अलावा ओडिशा के तस्कर भारी वाहनों से महासमुंद, जगदलपुर, सारंगढ़ रायगढ़ होते हुए सड़क मार्ग से भारी मात्रा में गांजा में तस्करी करते हैं। वहीं छोटे विक्रेता ओडिशा जाकर कार्टून में भरकर बाइक से गांजा लेकर आसानी से शहर आ रहे हैं। प्रदेश व जिलों के बाडर में कोई जांच नहीं हो रही है।

कार्रवाई की जा रही है

मादक पदार्थ, नशीले इंजेक्शन व टेबलेट, कफ सिरप बेचने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एक बार फिर अभियान चलाकर पुड़िया में गांजा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-**पंकज पटेल**, एडीशनल एसपी सिटी

इन इलाकों में बिक रहा गांजा

जरहाभाठा मिनीबस्ती, तालापारा, उसलापुर ब्रिज के नीचे, कुदुदण्ड होमगार्ड कैम्प के पास, अमेरी, अशोकनगर, झोपड़ापारा, तिफरा बाजारपारा, बंगालीपारा कालीबाड़ी, टिकरापारा खटिक मोहल्ला, करबला, दयालबंद मधुबन, बंधवापारा बसौड मोहल्ला, खमतराई अटल आवास, मंगला धूरीपारा, घुटकू, सकरी सैदा, भाड़म, गनियारी, सीपत खैरा डगनिया, नरगोड़ा, चिल्हाटी सहित अन्य इलाकों में धड़ल्ले से पुड़िया में गांजा की बिक्री हो रही है।

कलेक्टोरेट में 120 पदों की भर्ती निरस्त करने के बाद भरे जाएंगे केवल पांच पद

राज्य कर्मचारी चयन आयोग करेगा भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट में 120 पदों की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किए जाने के बाद लिपिक के केवल पांच पदों को भरा जाएगा, वह भी भर्ती प्रक्रिया राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाएगी। वहीं कलेक्टोरेट सहित जिले में कर्मचारियों के कई पद अभी भी खाली पड़े हैं।

बिलासपुर जिला कार्यालय में राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भर्ती किए जाने के लिए केवल पांच पद मिले हैं। ये पांचों पद लिपिक सहायक ग्रेड श्री के पद हैं, जिनकी भर्ती के लिए आगे राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आवेदन, परीक्षा आदि प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इस तरह से कलेक्टोरेट में भर्ती प्रक्रिया निरस्त किए जाने से जिले को कर्मचारियों के मामले में नुकसान उठाना पड़ा है, क्योंकि कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित जिले में कर्मचारियों की कमी बनी हुई है और पद खाली पड़े हैं। कुछ पदों पर बाहर से कर्मचारी स्थानांतरण कराकर आ गए हैं, उसके बाद भी अधिकांश पद खाली है।

कलेक्टोरेट कार्यालय एवं भू-अभिलेख शाखा के विभिन्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए 1 जून 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था और आवेदन जमा कराए गए थे। लेकिन कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा 27 अगस्त को उक्त विज्ञापन तहत भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है।

इससे उन बेरोजगार उम्मीदवारों को झटका लगा है जो इस भर्ती प्रक्रिया का इंतजार कर रहे थे और भर्ती प्रक्रिया निरस्त होने से उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए 35 हजार से अधिक आवेदन रद्दी के ढेर में चला गया है।

132 में से वाहन चालक के 12 पदों पर हो पाई थी भर्ती

इसमें भू-अभिलेख शाखा के लिए सहायक ग्रेड श्री के 8 पद सहित कलेक्टर कार्यालय के रिक्त 124 पदों मिलाकर कुल 132 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया होनी थी। इसमें सर्वाधिक सहायक ग्रेड श्री के 56 पद, शीघ्रलेखक वर्ग श्री के 2 पद, स्टेनोटायपिस्ट के 4 पद, वाहन चालक के 12 पद, भृत्य के 25 पद, चौकीदार के 8 पद, अर्दली के 1 पद, फर्रास के 7 पद व प्रोसेस सर्वर के 9 पदों के लिए आवेदन जमा कराए गए थे। इसमें से केवल वाहन चालक के 12 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी हो पाई थी और बाकी 120 पदों की भर्ती अटकी हुई थी, जिसे निरस्त कर दिया गया है। इन पदों की जगह पर अब केवल लिपिक के 5 पदों पर भर्ती प्रक्रिया राज्य कर्मचारी चयन आयोग के जरिए की जाएगी।

एसईसीएल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को राजभाषा पखवाड़ा उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने की।

विशिष्ट अतिथि मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं निदेशक रमेश चंद्र महापात्र तकनीकी संचालन सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं श्रमसंघ प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन एसईसीएल के समस्त क्षेत्रों में भी 14 से 28 सितंबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने कहा कि हिंदी हमें एकसूत्र में पिरोने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी सरल, सुगम और सुबोध भाषा है तथा पूरे देश में इसकी व्यापक स्वीकार्यता है। कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। मुख्य सतर्कता अधिकारी



हिमांशु जैन ने कहा कि हिंदी हमारे आपसी संवाद को सहज और प्रभावी बनाने का माध्यम है। कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग से कार्यों में सरलता और सहजता आती है। हमें दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। राजभाषा के प्रति सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। तकनीकी संचालन रमेश चंद्र महापात्र ने कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए। हिंदी के माध्यम से हम अपने विचारों को सहजता से व्यक्त कर सकते हैं। राजभाषा पखवाड़ा इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी एवं केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के संदेश का पठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक राजभाषा श्रीमती सविता निर्मलकर ने राजभाषा पखवाड़े के उद्देश्यों एवं इसके अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्या मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

लूट की नीयत से 4 युवकों ने एनटीपीसी ठेकाकर्मी पर चाकू से किया हमला

बिलासपुर। काम करने के बाद घर जा रहे एनटीपीसी ठेकाकर्मी को रोक कर 4 युवकों ने मोबाइल, पर्स मांगा। नहीं देने पर चाकू से हमला कर दिया। घायल कर्मी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



बिहार निवासी अरसद अली ने बताया, वे एनटीपीसी में ठेकेदार के सुपरवाइजर हैं। 11 सितंबर की शाम 7.30 बजे एनटीपीसी से काम करने के बाद बाइक से जांजी होते हुए घर जा रहे थे। नहर के पास 4 युवकों ने उन्हें रोक लिया और उन्हें मोबाइल, पर्स निकाल कर देने को कहा। मना करने से उन पर चाकू से हमला कर दिया। वह किसी तरह भागते हुए पास के किराना दुकान में गए और चाकू मारने की जानकारी दी। किराना दुकान संचालक उन्हें अपने बाइक में बैठाकर सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने उनकी स्थिति को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



